न्यायालय जिला कलक्टर, अलवर (राजस्थान)

अपील संख्याः– 12 / 56 / 2021

अपीलार्थीः–	प्रत्यर्थीः–
श्री हनुमान पुत्र मोहर सिंह अहीर ग्राम मोमनपुर तलवाड पोस्ट जागुवास तहसील बहरोड, जिला अलवर।	लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अलवर, जिला अलवर (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

—:: निर्णय ::—

दिनांकः– 04.05.2021

1. अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पत्र दिनांक 01.02.2021 प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सूचना चाही गई, जो उन्हे उपलब्ध नही कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।
2. अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।
3. अपील प्राप्त होने पर दर्ज कर वॉछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अलवर से जवाब तलब किया गया एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी किया कि यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है तो दिनांक 20.04.2021 को उपस्थित आवें।
4. अपीलार्थी उपस्थित नहीं आया। लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अलवर ने जरिये पत्र कमांक 3385–86 दिनांक 30.04.2021 से अवगत कराया कि अपीलार्थी को चाही गई सूचना के बाबत कार्यालय के पत्रांक 2171 दिनांक 08.03.21 से सूचना अपीलार्थी को सप्रेषित कर दी गई थी। लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी के जवाब से जाहिर है कि प्रार्थी को नियत समय अवधि में सूचित किया जा चुका है। पत्रावली का अवलोकन किया जिसके आधार पर अपील अपीलांट अस्वीकार किये जाने योग्य है।
5. लोक सूचना अधिकारी के प्राप्त जवाब के आधार पर अपील अपीलांट अस्वीकार की जाती है
6. निर्णय आज दिनांक 04.05.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।
7. पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(नन्नूमल पहाड़िया)
जिला कलक्टर, अलवर